**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.07.2025**

**समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2025 के दृष्टिगत श्रीमान अपर जिलाधिकारी एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर एवं थाना कुरारा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण।**

आज दिनांक 25.07.2025 को श्रीमान अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली व थाना कुरारा क्षेत्र अंतर्गत समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र, अभ्यर्थियों के निर्बाध एवं शांतिपूर्ण प्रवेश की प्रक्रिया, तथा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निष्पक्ष, सतर्क एवं संवेदनशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही केंद्र प्रभारियों से संवाद कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।